संक्षिप्त समाचार

सिंगाजी महाराज की नवमी पर्व पर संत बुखारदास बाबा मंदिर पर बडी संख्या में उमडे श्रद्धालु

हरसूद, निप्र। रविवार दोपहर संत बुखारदास बाबा मंदिर छनेरा पर सिंगाजी महाराज की नवमी हर्षोल्लास से मनाई गई। सिंगाजी महाराज की नवमी पर्व के अवसर पर रविवार दोपहर डेढ बजे के लगभग संत बुखारदास बाबा मंदिर छनेरा पर महाआरती के पश्चात जिला पंचायत उपाध्यक्ष दिव्यदित्य शाह सहित बडी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं द्वारा निशान चढाए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष दिव्यदित्य शाह द्वारा गुरूगादी पर चादर भी चढाई गई। नवमी पर्व पर महंत गरीबदास बाबा एवं अमीरदास बाबा द्वारा महाआरती संपन्न कराई गई। आरती-पूजन के पश्चात महंत गरीबदास बाबा की ओर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बडी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर हरसूद एसडीएम पुरूषोत्तम कुमार, रामनिवास पटेल, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कमलकांत भारद्वाज, संतोष सिटोके, कमल खंडेलवाल सहित बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

किशनपुरा माताजी महिला मंडल द्वारा निकाली गई कावड यात्रा

हरसूद, निप्र। सावन के महीने में किशनपुरा माताजी महिला मंडल द्वारा किशनपुरा माताजी मंदिर से थाना चौराहा स्थित जबरेश्वर महादेव मंदिर तक कावड़ यात्रा निकाली गई। कावड यात्रा में रुपाली जिनोदिया, मंजू खंडेलवाल, सुनीता विश्वकर्मा, सुषमा बिल्लौरे, प्रज्ञा पाठक, पिंकी गौर, सरोज मालवीय सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। महिलाओं ने भगवान शंकर पर जल चढ़ाकर अपने शहर की सुख शांति और उन्नति की प्रार्थना की।

हनुमान भक्ति की शक्ति का अकबर को कराया एहसास

हरसूद, निप्र। गत दिनों अभिनव पब्लिक स्कूल हरसूद में गोस्वामी तुलसीदास जयन्ती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत गोस्वामी तुलसीदासजी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रामचरितमानस की चौपाइयों का सस्वर व राम स्तुति से सबका मन मोहा। छात्र-छात्राओं द्वारा गीत, भाषण, दोहे व हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया गया। कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्रों द्वारा नाटक का मंचन कर यह बताया गया कि अकबर के शासनकाल में तुलसीदासजी को बंदी बनाए जाने पर किस प्रकार हनुमान भक्ति की शक्ति दिखाकर अकबर को एहसास दिलाया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती राखी अपूर्वा ने किया तथा आभार मनीष साकल्ले ने माना। समापन अवसर पर प्राचार्य नारायणप्रसाद शर्मा ने गोस्वामी तुलसीदास जयंती की बधाई दी।

मध्यप्रदेश में चलेगा ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता- स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग'' अभियान

विनय उजाला

बुरहानपुर, निप्र। मध्यप्रदेश में ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता - स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग'' अभियान तीन चरणों में चलाया जायेगा। प्रथम चरण में 2 से 8 अगस्त तक देशभक्ति के वातावरण का जागरण तथा तिरंगे पर केन्द्रित सार्वजनिक कार्यक्रम, चर्चाएँ आयोजित की जाएंगी। साथ ही तिरंगा से प्रेरित कला, तिरंगा प्रदर्शनी का प्रदर्शन, तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी निर्माण, तिरंगा बुनाई, तिरंगा पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगे के लिए स्वयं सेवा, तिरंगा सजावट और प्रकाश व्यवस्था तथा सैन्य बलों के जवानों और पुलिसकर्मियों को पत्र लेखन आदि गतिविधियां संचालित होगी। अभियान के द्वितीय चरण में 9 से 12 अगस्त तक लोगों को साथ लाने, व्यापक प्रचार-प्रसार, ध्वजों की उपलब्धता तथा सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगे की दृश्यता के लिये कार्य किये जायेंगे। स्थानीय उत्पादों पर केंद्रित तिरंगा मेला, तिरंगा केसर्ट, तिरंगा बाइक/तिरंगा साइकिल रैली, उच्च जनभागीदारी के साथ तिरंगा यात्रा, तिरंगा ध्वज की बिक्री और समुचित व्यवस्था, मानव श्रृंखला निर्माण, तिरंगा गान जैसे कार्यक्रम होंगे।

अभियान के तृतीय चरण में 13 से 15 अगस्त तक घर, कार्यालयों तथा वाहनों पर तिरंगा लगाने, सेल्फ़ी अपलोड, सर्वत्र तिरंगे की दृश्यता तथा संस्कृति मंत्रालय के साथ सूचनाओं का सतत आदान-प्रदान किया जायेगा। हर जगह तिरंगा दृश्यता, तिरंगा के साथ रिकॉर्ड इत्यादि महत्वपूर्ण कार्यक्रम किये जायेंगे।

पंचायतों में होगी विविध गतिविधियाँ

अभियान में स्वच्छ भारत मिशन (एसवीएम-जी) और जल-जीवन मिशन (जेजेएम) के अंतर्गत गावों, ग्राम पंचायतों में विविध गतिविधियाँ होंगी, जिनमें स्वच्छ सुजल गांव प्रतिज्ञाएं, सामुदायिक सफाई अभियान, परिसंपत्तियों की सफाई, जागरूकता गतिविधियां, जल-संरक्षण और 15 अगस्त 2025 को अमृत सरोवर, सार्वजनिक स्थानों आदि सहित प्रमुख वाश अवसंरचना स्थलों पर ध्वजारोहण समारोह शामिल है।

केन्द्रीय पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त सहयोग से चलने वाले इस अभियान की परिकल्पना सामूहिक उत्सव और नागरिक एकता की भावना पर आधारित है, जिसमें स्वतंत्रता के सार को स्वच्छता और सुजलता के संकल्प के साथ जोड़ा गया है। इस प्रकार, ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित जल आपूर्ति, प्रभावी जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य'' और बेहतर स्वच्छता सुनिश्चित करने से प्रधानमंत्री श्री मोदी के संकल्प को बल मिलेगा।

अर्चना चिटनिस ने श्री हनुमान पर्वत पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर किया पौधारोपण

विनय उजाला

बुरहानपुर, निप्र। विधायक एवं पूर्व मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) ने बुरहानपुर के ग्राम मोहद स्थित बोर बलड़ी में श्री हनुमान पर्वत पर स्थानीय ग्रामीणों के साथ के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण व जल संवर्धन का संदेश दिया। इस अवसर पर श्रीमती चिटनिस ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर ग्रामीणों से संवाद भी किया। साथ ही ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर त्वरित निराकरण किया। इस पर्वत पर स्थानीय हिन्दू राष्ट्र समिति द्वारा 550 से अधिक पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण हेतु संकल्प दोहराया। जिस पर श्रीमती चिटनिस ने समिति सदस्यों को स्वागत-अभिनंदन किया। इस अवसर पर श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि सारा संसार, समस्त भारतवर्ष और हमारा बुरहानपुर व अपने गांव आज जिस संकट में है अगर उससे भी नहीं जागे तो न तो प्रकृति बचेगी और न ही संस्कृति। पेड़ अर्थात् प्रकृति ही है। प्रकृति ने हमें इतना अधिक दिया है जिसका अंश मात्र ही भरपाई हम करना चाहे तो पौधे को पेड़ स्वरूप दिलाकर पौधारोपण और पर्यावरण को संरक्षित करके ही अपना दायित्व निभा सकते है। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि पेड़ अपने समाज में कही पूजा तो कही अर्थव्यवस्था से जुड़ा हुआ है। महिलाएं अपने सुहाग की रक्षा के लिए पेड़ की परिक्रमा करती है और वट सावित्री पर वट वृक्ष की पूजा का वैज्ञानिक महत्व भी है। पौधा केवल पानी देने से पेड़ नहीं बन सकता। पौधे को प्यार से और लगातार देखरेख करके खाद-पानी देकर पेड़ का स्वरूप लेते हुए देखा जा सकता है। बिना प्यार और बिना चिंता किए पौधा कभी पेड़ नहीं बन सकता। एक वृक्ष सौ पुत्रों के समान होता हैं, जो हमें छोटा रहते हुए ऑक्सीजन तो देता है, बड़ा होने पर फल देता हैं। इसके अलावा वही वृक्ष विशाल आकार लेने के बाद छाया भी देता है। इस अवसर पर शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेन्द्र तिवारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, गुलचंद्रसिंह बर्ने, जिला पंचायत सदस्य किशोर पाटिल, मनोहर चौधरी, दिवाकर कोली, फिरोज तड़वी, दिनकर महाजन, रविन्द्र चौधरी, ईश्वर महाजन, धनराज महाजन, प्रकाश पाटिल, राजेन्द्र पाटिल, कैलाश खिंडरे एवं गोपाल पाटिल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

श्रद्धा और भक्ति से मनाई तुलसीदासजी जयंति

हरसूद, निप्र। अरिहंत पब्लिक स्कूल हरसूद में गत दिनों महान कवि गोस्वामी तुलसीदासजी की जयंती श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसको संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापिका प्रीति दुबे एवं शिक्षिका सीमा बेनियाल ने विद्यार्थियों को तुलसीदासजी के जीवन, उनके काव्य योगदान और संस्कृति, मर्यादा और आदर्श धरोहर हैं। संचालक संतोष जैन ने सभी को तुलसीदास जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष कविता जैन, अक्षत जैन एवं समस्त स्टाफ उपस्थित था। विशेष रूप से रामचरितमानस के महत्व पर प्रेरणादायक भाषण दिए। उन्होंने बताया कि तुलसीदासजी की रचनाएँ भारतीय जीवन की अमूल्य धरोहर हैं।

पंच - ज अभियान के तहत वन विभाग की बीट में जाकर किया पौधारोपण

मंडलेश्वर, निप्र। विधिक सेवा के पंच-ज अभियान में जन जानवर जल जमीन और जंगल का संरक्षण कर प्रकृति को संरक्षित करने का कार्य किया जाता है। यह अभियान 5 जून से 15 अगस्त तक जारी रहेगा। वन विभाग भी मूल रूप से इसी भावना के साथ कार्य करता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रधान जिला न्यायाधीश श्री अखिलेश जोशी के निर्देश पर जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई ने फरेस्ट रेंज मंडलेश्वर के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ सब रेंज बबलाई की चोली बीट और सब रेंज भकलाय की भकलाय बीट में पौधारोपण किया।मंडलेश्वर रेंज की रेंज ऑफिसर विमला मुवेल डिप्टी रेंजर विजय तारे डिप्टी रेंजर एस आर निराले और टीम के साथ पी एल वी दुर्गेश राजदीप और जोजू मुरियाडन ने भी वृक्षारोपण किया।

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. THIS DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. THIS PUBLIC ANNOUNCEMENT IS NOT INTENDED FOR PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.

(Please scan this QR Code to view this Corrigendum)

AARADHYA DISPOSAL INDUSTRIES LIMITED
CIN: U21098MP2014PLC032173

Our Company was originally incorporated as **'Aaradhya Disposal Industries Private Limited'** as a private limited company under the Companies Act, 1956 on January 16, 2014 pursuant to a Certificate of Incorporation bearing CIN: U21098MP2014PTC032173 issued by the Registrar of Companies, Gwalior. Thereafter, our Company was converted into a public limited company from a private limited company pursuant to a special resolution passed by the shareholders of our Company on September 05, 2024 consequent to which the name of our Company changed from 'Aaradhya Disposal Industries Private Limited' to **'Aaradhya Disposal Industries Limited'** and a fresh Certificate of Incorporation bearing CIN: U21098MP2014PLC032173 was issued by the Registrar of Companies, Gwalior ("RoC") on October 28, 2024. For further details on the change in the registered office of our Company, please refer to the chapter titled *"Our History and Certain Other Corporate Matters"* beginning on page 173 of the Red Herring Prospectus.

Registered Office: Plot E-1, Industrial Area No.- 1, A.B. Road, Dewas-455001, Madhya Pradesh, India. **Telephone:** +91-7880132743; **E-mail:** cs@aaradhyadisposalindustriesltd.in; **Website:** www.aaradhyadisposalindustriesltd.in;
Contact Person: Ms. Surabhi Modi, Company Secretary and **Compliance Officer**; **Corporate Identity Number:** U21098MP2014PLC032173

PROMOTERS OF OUR COMPANY: MR. SUNIL MAHESHWARI, MR. ANIL MAHESHWARI AND MRS. SHASHI MAHESHWARI

THE ISSUE

INITIAL PUBLIC ISSUE OF UP TO 38,88,000* EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF Rs. 10/- EACH ("EQUITY SHARES") OF OUR COMPANY FOR CASH AT A PRICE OF Rs. [●] PER EQUITY SHARE (INCLUDING A SHARE PREMIUM OF Rs. [●] PER EQUITY SHARE) ("ISSUE PRICE") AGGREGATING TO Rs. [●] LAKHS ("ISSUE"). THIS ISSUE INCLUDES A RESERVATION OF 1,94,400* EQUITY SHARES AGGREGATING TO Rs. [●] LAKHS FOR SUBSCRIPTION BY MARKET MAKER ("MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE ISSUE LESS THE MARKET MAKER RESERVATION PORTION IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE ISSUE AND THE NET ISSUE SHALL CONSTITUTE 27.50% AND 26.13%, RESPECTIVELY, OF THE POST-ISSUE PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY, RESPECTIVELY.
**SUBJECT TO FINALIZATION OF BASIS OF ALLOTMENT AND LOT SIZE*

CORRIGENDUM: NOTICE TO INVESTORS

This is with reference to the Red Herring Prospectus (RHP) dated July 25, 2025 filed with the Registrar of Companies (RoC), Gwalior.
Potential Investors may note the following modifications to the disclosures in the Red Herring Prospectus:

The table under the heading "Shareholding Pattern of our Company" under the chapter titled "Capital Structure" beginning on page 73 of the Red Herring Prospectus shall stand replaced with the following:

Category Code	Category of shareholder	No. of shareholders	No. of fully paid up equity shares held	No. of Partly paid up equity shares held	No. of shares underlying Depository Receipts	Total nos. shares held	Shareholding as a % of total no. of shares (calculated as per SCRR, 1957) As a % of (A+B+C2)	Number of Voting Rights held in each class of securities*				No. of Shares Underlying Outstanding convertible securities (including Warrants)	Shareholding, as a % assuming full conversion of convertible securities (as a percentage of diluted share Capital) As a % of (A+B+C2)	Number of locked in Shares**		Number of Shares pledged or otherwise encumbered		Number of shares held in dematerialized form
								No. of Voting Rights			Total as a % of (A+B+C)			No. (a)	As a % of total shares held (B)	No. (a)	As a % of total shares held (B)	
								Class- (Equity)	Class- (Preference)	Total								
I	II	III	IV	V	VI	VII=IV+V+VI	VIII	IX				X	XI=VII+X	XII		XIII		XIV
(A)	Promoters and Promoter Group	05	99,79,000	-	-	99,79,000	97.36	99,79,000	-	99,79,000	97.36	-	97.36	-	-	-	-	99,79,000
(B)	Public	15	2,71,000	-	-	2,71,000	2.64	2,71,000	-	2,71,000	2.64	-	2.64	-	-	-	-	2,11,000
(C)	Non Promoter-Non Public	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
(C1)	Shares underlying DRs	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
(C2)	Shares held by Employee Trusts	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
	Total	**20**	**1,02,50,000**	**-**	**-**	**1,02,50,000**	**100.00**	**1,02,50,000**	**-**	**1,02,50,000**	**100.00**	**-**	**100.00**	**-**	**-**	**-**	**-**	**1,01,90,000**

**As on the date of the Red Herring Prospectus 1 Equity Share holds 1 vote. There is no voting right on the preference shares issued by our Company.*
***Shall be locked-in on or before filing of Prospectus with NSE, SEBI & RoC.*

The information above modifies and updates the information (as applicable) in the RHP. The RHP accordingly stands amended to the extent stated hereinabove and the above changes are to be read in conjunction with the RHP. Further, as on the date of this Corrigendum all the shares i.e. pre-issue shareholding are in dematerialized form. Please note that this Corrigendum does not reflect all the changes that have occurred between the date of filing of the RHP and the date hereof, and the relevant changes shall be reflected in the Prospectus as and when filed with the RoC, SEBI and the NSE.

BOOK RUNNING LEAD MANAGER TO THE ISSUE

Khambatta Securities Limited | SIXTH SENSE

KHAMBATTA SECURITIES LIMITED
806, 8th Floor, Tower-B, World Trade Tower, Noida Sector-16, Uttar Pradesh-201301, India. **Tel:** +91-9953989693, 0120-4415469
E-mail: ipo@khambattasecurities.com
Investor grievance e-mail: mbcomplaints@khambattasecurities.com
Website: www.khambattasecurities.com
Contact Person: Mr. Chandan Mishra
SEBI Registration No.: INM000011914

REGISTRAR TO THE ISSUE

BIGSHARE SERVICES PRIVATE LIMITED
S6-2, 6th Pinnacle Business Park, Mahakali Caves Road, next to Ahura Centre, Andheri East, Mumbai-400093, Maharashtra, India.
Tel.: 022-62638200 **Email:** ipo@bigshareonline.com
Investor Grievance Email: investor@bigshareonline.com
Website: www.bigshareonline.com
Contact Person: Mr. Babu Raphael
SEBI Registration No.: INR000001385

COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER

AARADHYA DISPOSAL INDUSTRIES LIMITED
Ms. Surabhi Modi
Company Secretary and Compliance Officer
Plot E-1, Industrial Area No.- 1, A.B. Road, Dewas-455001, Madhya Pradesh, India.
Tel.: +91-7880132743 **E-mail:** cs@aaradhyadisposalindustriesltd.in
Website: www.aaradhyadisposalindustriesltd.in

Investors may contact the Compliance Officer or the Registrar to the Issue in case of any pre-issue or post- issue related problems, such as non-receipt of letters of allotment, credit of allotted shares in the respective beneficiary account, etc. For all the Issue related queries and for redressal of complaints, Investors may also write to the Book Running Lead Manager.

All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the Red Herring Prospectus.

For **Aaradhya Disposal Industries Limited**
Sd/-
Ms. Surabhi Modi
Company Secretary and Compliance Officer

Date: August 02, 2025
Place: Dewas, Madhya Pradesh

Aaradhya Disposal Industries Limited is proposing, subject to market conditions and other considerations, public issue of its Equity Shares and has filed the Red Herring Prospectus dated July 25, 2025 with the Registrar of Companies, Gwalior. The Red Herring Prospectus is available on the website of the Book Running Lead Manager at www.khambattasecurities.com, the website of the National Stock Exchange of India Limited i.e., www.nseindia.com, and website of our Company at www.aaradhyadisposalindustriesltd.in.
Potential Investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk. For details, investors should refer to and rely on the Red Herring Prospectus, including the chapter titled "Risk Factors" beginning on page 27 of the Red Herring Prospectus, which has been filed with RoC. The Equity Shares have not been and will not be registered under the US Securities Act ("the Securities Act") or any state securities laws in United States and may not be issued or sold within the United States or to, or for the account or benefit of, "U.S. persons" (as defined in Regulations under the securities Act), except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act of 1933.

FORTUNA • SHARK